डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 4195 **दिनांकः** 01-10-2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0 / एम0 आर्क0, पाठ्यक्रम संचालित
करने वाले समस्त निजी क्षेत्र में स्थापित प्राविधिक संस्थान

विषयः GATE–2024/CUET–2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का एम0टेक0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0 पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रमों में सीधे संस्थान स्तर पर काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 4033 दिनांक 12.09.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक 12.09.2024 के माध्यम से GATE–2024/CUET–2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का एम0टेक0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश हेतु सीधे संस्थान स्तर पर काउंसलिंग सम्पन्न कराते हुए नव प्रवेशित छात्रों की पी0आई0 रिपोर्टिंग ई0आर0पी0 पोर्टल पर कराये जाने की अंतिम तिथि 15.09.2024 निर्धारित की गयी थी। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.09.2024 एवं तद्क्रम में सक्षम स्तर द्वारा प्राप्त अनुमोदनोपरान्त प्री–रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन पंजीयन की अन्तिम तिथि को 05 अक्टूबर, 2024 तक विस्तारित किया जाता है।

उक्त के अतिरिक्त सभी नियम व शर्ते विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 4033, दिनांक 12.09.2024 के अनुसार ही रहेगी।

भवदीया

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव (नामांकन एवं सम्बद्धता), ए0के0टी0यू0,लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0,लखनऊ।
5. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव